(सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005)

पीठासीन अधिकारी आशीष मोदी (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या :– 25/2023 अपील

उनवान

सज्जन सोडानी निवासी बिगोद, तहसील माण्डलगढ़, जिला भीलवाड़ा **बनाम** 1. लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा
2. प्रभारी अधिकारी (विधि अनुभाग) एवं लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (शहर) भीलवाड़ा भीलवाड़ा

––अपीलार्थी ––प्रत्यर्थीगण

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

उपस्थित :–प्रत्यर्थीगण की ओर से विभागीय प्रतिनिधि।

न्यायालय जिला कलक्टर भीलवाड़ा (राज.) सत्यमेव जयते

निर्णय

दिनांक : 21.07.2023

अपीलार्थी की ओर से यह प्रथम अपील सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19 (1) के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा एवं प्रभारी अधिकारी (विधि अनुभाग) एवं लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (शहर) भीलवाड़ा भीलवाड़ा के विरूद्ध दिनांक 04.05.2023 को प्राप्त हुई, जिसमें अपीलार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि अपीलार्थी ने विहित अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत निर्धारित शुल्क राशि 10/– रूपये नकद रसीद संख्या 095241 के साथ एक आवेदन पत्र दिनांक 27.03.2023 को लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा को प्रेषित किया, किन्तु सूचना प्राप्त नहीं हुई। आवेदन पत्र के बिन्दु संख्या 02 से वांछित सूचना एवं प्रभारी अधिकारी (विधि अनुभाग) एवं लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (शहर) भीलवाड़ा भीलवाड़ा से संबंधित होने से उक्त आवेदन के बिन्दु संख्या 02 की सूचना प्रार्थी को उपलब्ध कराने हेतु आवेदन पत्र एवं प्रभारी अधिकारी (विधि अनुभाग) एवं लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (शहर) भीलवाड़ा भीलवाड़ा को अंतरित किया गया।

प्रस्तुत अपील इस न्यायालय में दिनांक 16.05.2023 को पंजीबद्ध की जाकर अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थीगण को सूचना पत्र जारी किये गये। प्रत्यर्थी द्वारा परिकथन प्रस्तुत किया गया। प्रत्यर्थी लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (प्रशासन) भीलवाड़ा द्वारा उनके कार्यालय के पत्रांक सूचना प्रकोष्ठ/2023/20144 दिनांक 06.06.2023 से एवं प्रभारी अधिकारी (विधि अनुभाग) एवं लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर (शहर) भीलवाड़ा द्वारा उनके कार्यालय के पत्रांक 96050 दिनांक 09.06.2023 से रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना के संबंध में प्रत्यर्थीगण द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के तथ्य इस प्रकार हैं –

1. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्रस्तुत आवेदन पत्र के बिन्दु संख्या 01 से वांछित सूचना/जवाब सूचना प्रकोष्ठ कार्यालय हाजा के पत्रांक 20120 दिनांक 15.05.2023 से एवं बिन्दु संख्या 02 से वांछित सूचना/जवाब विधि अनुभाग कार्यालय हाजा के पत्रांक 96046 दिनांक 26.05.2023 द्वारा अपीलार्थी/प्रार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक प्रेषित कर दी गयी है।

उपरोक्त विवेचन अनुसार प्रत्यर्थीगण द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करा दिये जाने से अपील अपीलार्थी अस्वीकार की जाती है।

आदेश आज दिनांक 21.07.2023 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बाद हस्ताक्षर जारी किया गया।

(आशीष मोदी)

जिला कलक्टर एवं